आईटी फेस्ट में बिरला शिशु विहार पिलानी का द्वितीय स्थान

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी में आज बीईटीआईटी फेस्ट 2023 - 24 का आयोजन किया गया जिसमें बिरला शिक्षण संस्थान के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों की टीमों नें भाग लिया।

कार्यक्रम में डिजिटल पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग, वीडियो एडिटिंग, वेबसाइट डिजाइनिंग, कंप्यूटर विज किड, कंप्यूटर हार्डवेयर डिसेंबल एंड असेम्बल प्रतियोगिताएं और कंप्यूटर क्विज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित दुआ, एसोसिएट प्रोफेसर बिट्स पिलानी से थे तथा अध्यक्षता बिरला शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मेजर जनरल एसएस नायर, एबीएसएम रिटायर्ड ने की।

कार्यक्रम के समन्वयक अनिल कुमार नांगलिया ने बताया कि आईटी फेस्ट में बिरला शिशु विहार, पिलानी की 14 सदस्यीय टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया व कार्टून मेकिंग में प्रथम, कंप्यूटर विज किड में द्वितीय, कंप्यूटर क्विज द्वितीय, वेबसाइट डिजाइनिंग में तीसरा व कंप्यूटर हार्डवेयर असेम्बलिंग एंड डिसेंबलिंग में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। पूर्ण प्रतियोगिता में बिरला शिशु विहार ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने विद्यालय के आईटी विभाग के शिक्षकों और सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की कामना की।